जिला निर्वाचन कार्यालय
फोन नं० 06478-227125

समाहरणालय, सहरसा

(जिला निर्वाचन कार्यालय)

जिला निर्वाचन कार्यालय का
ई०-मेल आई०डी०
dyeo16_saharsa@yahoo.co.in

–:: आदेश ::–

संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार पटना के पत्रांक 4877 दिनांक 16.11.2022 (छायाप्रति संलग्न) के आलोक में निर्वाचक सूची में युवा एवं भावी निर्वाचकों के कम पंजीकरण को देखते हुये प्रत्येक विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के स्तर पर Dedicated AERO बनाने संबंधी भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली से प्राप्त निदेश के क्रम मे विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार Dedicated AERO निम्न प्रकार नामित किया जाता है :–

क्र०	विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की संख्या एवं नाम	नामित Dedicated AERO का नाम, पदनाम एवं मोबाइल नं०	अभ्युक्ति
1	2	3	4
1	74–सोनवर्षा (अ०जा०)	श्री सुक्रांत राहुल, अंचलाधिकारी, पतरघट मो० 8544412833	
2	75–सहरसा	श्री लक्ष्मण प्रसाद, अंचलाधिकारी, कहरा मो० 8544412830	
3	76–सिमरी बख्तियारपुर	श्री अमित कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी, सिमरी बख्तियारपुर मो० 7903187335	
4	77–महिषी	श्री जितेन्द्र कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी, नवहट्टा मो० 9431818603	

सभी नामित Dedicated AERO अपने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र अन्तर्गत युवा एवं भावी निर्वाचकों की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 की शेष समयावधि में निम्नांकित गतिविधियों का आयोजन सुनिश्चित करायेगें :–

1. दिनांक 21.11.2022 से 25.11.2022 के बीच विशेष पंजीकरण अभियान के तहत प्रथम चरण का आयोजन किया जायेगा।
2. 01.12.2022 से 03.12.2022 के बीच विशेष पंजीकरण अभियान के तहत द्वितीय चरण का आयोजन किया जायेगा।
3. उक्त आयोजन में सभी Dedicated AERO अपने क्षेत्र अंतर्गत विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं तकनीकी शिक्षण संस्थानों में रोस्टर आधारित रणनीति तैयार कर कैम्प करेंगे तथा गैर पंजीकृत युवा छात्र/छात्राओं के पंजीकरण हेतु प्रपत्र–06 में आवेदन प्राप्त करना सुनिश्चित करेंगे।
4. उक्त आयोजन में प्रपत्र–06 प्राप्त करने के क्रम में उपस्थित छात्र/छात्राओं को वोटर हेल्प लाईन ऐप तथा नेशनल वोटर सर्विस पोर्टल के माध्यम से ऑन–लाईन आवेदन करने हेतु प्रशिक्षण देना भी सुनिश्चित करेंगे तथा उन्हें मोबाइल के माध्यम से भी तत्काल ऑनलाईन आवेदन करने हेतु प्रेरित करेंगे।
5. ऊपर अंकित प्रथम एवं द्वितीय चरण में प्राप्त ऑनलाईन/ऑफलाईन प्रपत्र–06 की जिलावार संख्या की समीक्षा निर्वाचन विभाग बिहार पटना द्वारा की जायेगी।
6. Dedicated AERO अपने क्षेत्राधिकार में सभी राष्ट्रीय/राज्य स्तरीय /जिलास्तरीय निजी व सरकारी शैक्षणिक संस्थानों के बेवसाईट में युवा निर्वाचकों द्वारा आवेदन करने हेतु प्रपत्र–06 का Hyperlink (Registration of New year) उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

अतः सभी Dedicated AERO को निदेश है कि निर्वाचक सूची में युवा एवं भावी निर्वाचकों को पंजीकरण कार्य को पूरी गंभीरता से कराना सुनिश्चित करेंगे। उक्त कार्य में संबंधित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्य सभी AERO अपना सक्रिय सहयोग Dedicated AERO को देना सुनिश्चित करेंगे।

इसकी सूचना सभी संबंधित को दी जाय।

sd/-

जिला पदाधिकारी,
सहरसा।

ज्ञापांक 657/निर्वा० सहरसा, दिनांक 17.11. 2022

प्रतिलिपि :– जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी सहरसा को सूचनार्थ एवं निदेश है कि Hyperlink (Registration of New year) **शैक्षणिक संस्थानों के website पर उपलब्ध कराने हेतु आपेक्षित कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगें।**

प्रतिलिपि :– सभी नामित Dedicated AERO/सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी /निर्वाची पदाधिकारी, विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र, सहरसा जिला को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि :– संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार पटना को उनके पत्रांक 4877 दिनांक 16.11.2022 के क्रम में सूचनार्थ प्रेषित।

17.11.22

जिला पदाधिकारी,
सहरसा।